महाराष्ट्र में स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में सुधार हेतु ADB द्वारा सहायता

स्रोत: ET

एशियाई डेवलपमेंट बैंक (ADB) **ने महाराष्ट्र में गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं** तथा चिकित्सा शिक्षा तक पहुँच में सुधार हेतु 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण पैकेज की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

- इससे वंचित ज़िलों में **जलवायु व आपदा-रोधी, लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील** तथा **सामाजिक रूप से समावेशी** विशेषताओं से युक्त **चार मेडिकल कॉलेज** स्थापित करने में मदद मिलेगी।
- इससे **आउट-ऑफ-पॉकेट व्यय** (परिवारों द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को किया गया प्रत्यक्ष व्यय) में कमी आएगी और **गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा कर्मचारियों की** भर्ती तथा उन्हें बनाए रखने हेतु नीतिगत कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।
  - इसमें चार नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों के लिये कम-से-कम **500 नए डॉक्टरों की नियुक्ति की परिकल्पना की गई है।**
  - इससे भारत में पहली बार राज्य नेतृत्व वाले स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा शिक्षा उत्कृष्टता केंद्र (CoE) की स्थापना में सहायता मिलेगी।
- **ADB के बारे में:**
  - ADB एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जो अपने विकासशील सदस्य देशों में निर्धनता कम करने तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने पर केंद्रित है।
  - इसकी स्थापना वर्ष 1966 में 31 सदस्यों के साथ हुई थी।
    - वर्तमान में ADB में सदस्यों की संख्या 68 है, जिनमें से **49 एशिया और प्रशांत क्षेत्र** से तथा **19 बाहर से हैं।**
  - इसका मुख्यालय **मनीला, फिलीपींस में है** ।
  - **भारत ADB का संस्थापक सदस्य** है तथा अमेरिका, चीन और जापान के बाद इसका **चौथा सबसे बड़ा शेयरधारक है।**

और पढ़ें: भारत के विकास हेतु ADB की प्रतिबद्धता

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/adb-aid-for-improving-healthcare-in-maharashtra